हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री से.
न्यूनतम 22.8 डिग्री से.

13 समर कैंप में छात्रों ने सीखे नृत्य कला के टिप्स



14 डॉ. श्यामा मुखर्जी के नाम पर बनेगा पार्क : जैन



## खबर संक्षेप

### सिलकराम का हत्यारोपी गिरफ्तार, रिमांड पर

**गोहाना।** गांव बरोदा में किसान सिलकराम की हत्या के मामले में बरोदा थाना पुलिस ने गांव के ही मोहित उर्फ मीता को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सिलकराम और मोहित पिछले करीब पांच वर्षों से ट्यूबवेल लगाने का काम साथ करते थे। दोनों के बीच पैसों का लेनदेन था। बकाया राशि मांगने को लेकर हुए विवाद में मोहित ने सिलकराम पर ईंटों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार रविवार को सिलकराम अपने रिश्तेदार रोहित और मोहित के साथ खेत में ट्यूबवेल लगाने गया था। काम के दौरान सिलकराम और मोहित के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद रोहित वहां से घर लौट आया। सोमवार सुबह सिलकराम का शव कहैल्पा रोड के पास खेत में पड़ा मिला। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटों के निशान थे। रोहित की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

### बिना होलोग्राम शराब बेचने पर ठेकेदार पर केस

**सोनीपत।** आबकारी एवं कराधान विभाग ने मुरथल क्षेत्र में स्थित एक शराब ठेके पर कार्रवाई करते हुए बिना होलोग्राम और बिना वैध परमिट-पास वाली शराब बरामद की है। विभाग की शिकायत पर मुरथल थाना पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला आबकारी एवं कराधान अधिकारी अभिमन्यु सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर महाबीर गौतम ने ताजपुर गांव स्थित शराब ठेके का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान वहां जॉनी वॉकर ब्रांड की शराब के 27 पव्वे बिना वैध होलोग्राम और आवश्यक दस्तावेजों के पाए गए। प्रारंभिक जांच में आबकारी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर विभाग ने कानूनी कार्रवाई की संस्तुति की।

### बाइक की टक्कर से मोपेड चालक की मौत

**गन्नौर।** चटिया औलिया पावर हाउस के पास पुरखास रोड पर मोपेड और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव उदेशीपुर निवासी 42 वर्षीय वजीर के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई सोनू ने बताया कि दोनों भाई सोनीपत से मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे थे। वजीर मोपेड पर आगे चल रहा था, जबकि वह पीछे बाइक पर था। इसी दौरान गांव पांची जाटान की ओर से आई तेज रफ्तार बाइक ने वजीर की मोपेड को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी है।

## जिला परिषद ने तैयार किया 6 करोड़ के विकास कार्यों का खाका

# अधूरे विकास कार्यों को लेकर पार्षद नाराज ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की उठी मांग

- पानी निकासी, तालाबों की चारदीवारी पर रहेगा फोकस, बैठक में पार्षदों ने विकास कार्यों की सूची मांगी
- ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और विकास योजनाओं पर पार्षदों ने रखे सुझाव, समाधान का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गोहाना रोड स्थित जिला परिषद कार्यालय में मंगलवार को चेयरपर्सन मोनिका दहिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण विकास कार्यों के लिए करीब 6 करोड़ रुपये के बजट की रूपरेखा तैयार की गई। सभी जिला पार्षदों से उनके क्षेत्रों के विकास कार्यों की सूची मांगी गई, ताकि बजट का प्रभावी उपयोग किया जा सके। बैठक में पानी निकासी, खेतों के पक्के रास्ते और तालाबों की चारदीवारी जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

साथ ही पूर्व में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई और अधूरे पड़े कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए। पार्षदों ने निर्माण कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए समय सीमा तय करने तथा कार्य समय पर पूरा न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, सड़क चौड़ीकरण और बिजली खंभों की वैज्ञानिक योजना जैसे मुद्दे भी उठाए गए।

### ट्री शिफ्टिंग मशीन की मांग

पर्यावरण संरक्षण के लिए ट्री शिफ्टिंग मशीन की मांग जिला पार्षद संत कुमार ने जिले में ट्री शिफ्टिंग मशीन उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इस संबंध में जिला परिषद सीईओ के माध्यम से वन मंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान कई बार पेड़ों को काटना पड़ता है, जिससे हरियाली को नुकसान पहुंचता है। यदि ट्री शिफ्टिंग मशीन उपलब्ध हो तो पेड़ों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है। वहीं, पार्षद संज कुमार ने सुझाव दिया कि ग्रामीण सड़कों के किनारे बिजली के खंभे और पौधारोपण भविष्य की सड़क चौड़ाई को ध्यान में रखकर किया जाए।

उन्होंने कहा कि सड़क विस्तार के समय खंभों को हटाने और पेड़ों की कटाई की समस्या सामने आती है, जिसे उचित पैमाइश और पूर्व योजना से रोका जा

## पिंजरे में बैठकर बैठक में पहुंचे पार्षद बड़वासनी



### अनोखा विरोध

- विधायकों की तर्ज पर पार्षदों को भी विकास कार्यों के लिए विशेष कोटा देने की मांग
- आवास योजना की लंबित किस्तें जारी करने और पीपीपी त्रुटियां दूर की जाए : संजय

**सोनीपत।** जिला पार्षद संजय बड़वासनी मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर अनोखे अंदाज में जिला परिषद की बैठक में पहुंचे। वह घोड़ा-बुग्गी पर पिंजरे में बैठकर और खुद को बेड़ियों से जकड़कर जिला परिषद कार्यालय पहुंचे। उनके साथ अन्य पार्षद भी मौजूद रहे। संजय बड़वासनी ने कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी संस्था होने के बावजूद जिला परिषद सदस्यों के लिए अलग से कोई कोटा निर्धारित नहीं है। उन्होंने मांग की कि विधायकों की तर्ज पर जिला पार्षदों को भी विकास कार्यों के लिए विशेष कोटा और प्रोटोकॉल दिया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्तें जारी करने, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने, जोहड़ों में रहने वाले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास तथा अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने की मांग भी उठाई। पार्षदों ने बढ़ती महंगाई पर भी चिंता जताई।

### अधूरे कार्यों को पूरा करवाया जाएगा

जिला परिषद की बैठक में करीब 6 करोड़ रुपये के विकास बजट पर चर्चा की गई। सभी पार्षदों से उनके क्षेत्रों के प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची मांगी गई है, ताकि बजट का समान और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

**- मोनिका दहिया**, चेयरपर्सन, जिला परिषद, सोनीपत

# 300 रुपये के विवाद में युवक को चाकू घोंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




- चार युवकों पर मारपीट और चाकू मारने का आरोप, गंभीर हालत में खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर

गांव खेवड़ा में 300 रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। चार युवकों पर मारपीट करने और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है।

घायल सलीम का खानपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। खेवड़ा कॉलोनी निवासी जमालुदीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे तो उनका बेटा सलीम लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। उसे पहले नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते खानपुर रेफर कर दिया गया। सलीम ने बताया कि उसने दीपक से 300 रुपये उधार लिए थे। रुपये मांगने को लेकर हुई कहासुनी के बाद दीपक, राहुल, सागर और कपिल ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि घर की ओर भागने पर आरोपितों ने रास्ता रोककर दोबारा हमला किया और चाकू से वार कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत, केस

- टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार भी पलट गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया

**खरखौदा।** थाना कलां गांव के पास सोमवार देर रात सड़क हादसे में एक कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान झज्जर जिले के गांव माजरी निवासी प्रवीण के रूप में हुई है, जो हरियाणा कौशल रोजगार योजना के तहत सरकारी स्कूल में कार्यरत था।

मुकेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने साले प्रवीण के साथ खेतों की ओर टहलने जा रहा था। गांव की पानी की डिग्गी के पास पहुंचने पर खरखौदा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार हुंडई वर्ना कार ने प्रवीण को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार भी पलट गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से प्रवीण को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

## रंजिश में कार पर पथराव फिर आग लगाकर फूंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- थार से पीछा कर कार को मारी टक्कर, जान बचाकर भागा पीड़ित

राई थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक टैक्सी चालक की कार में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बढ़खालसा निवासी शंकर ने पुलिस को बताया कि उसकी जठेड़ी गांव निवासी राहुल के साथ पुरानी रंजिश चल रही है और आरोपी उसे लगातार धमकियां देता रहा है।

आरोप है कि 21 जून की तड़के करीब तीन बजे वह गोल्डन हट ढाबा के पास मौजूद था। इसी दौरान राहुल ने उसकी कार पर पथराव कर दिया। बचाव में वह कार लेकर दिल्ली की ओर निकल गया, लेकिन आरोपी ने थार गाड़ी से उसका पीछा करना शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार नाथूपुर के पास राहुल ने अपनी गाड़ी से कार को टक्कर मार दी, जिससे वाहन रुक गया। शंकर किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग गया। आरोप है कि इसके बाद राहुल ने अपने 3-4 साथियों के साथ मिलकर कार में आग लगा दी। आग में कार पूरी तरह जल गई। वाहन में रखे 5,500 रुपये नकद, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी नष्ट हो गया। पीड़ित ने आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## स्कूल के पास खड़े युवक से पिस्तौल व 29 कारतूस बरामद

**गन्नौर।** गन्नौर पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार और बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम अपराध जांच और गश्त के दौरान बादशाही रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि स्कूल के पीछे सड़क किनारे एक युवक स्कूटी के साथ खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अभिषेक उर्फ बिट्टू निवासी गन्नौर के रूप में बताई।



- बादशाही रोड पर गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़ा

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल, दो मैगजीन और 29 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने हथियार और कारतूस कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### कैलाना में खेत में बने कमरे में मिला पिस्तौल चैंबर में कारतूस भी था

**गन्नौर।** गांव कैलाना में खेत स्थित ट्यूबवेल के कोठे से एक अवैध पिस्तौल और जिंदा कारतूस मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आपातकालीन सेवा 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांव कैलाना निवासी एक किसान के खेत में बने कोठे में हथियार पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। खेत मालिक सचिन ने बताया कि वह सुबह खेत पर पहुंचा तो कोठे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। कोठे के भीतर जांच करने पर दरवाजे के पीछे एक पिस्तौल पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हथियार को कब्जे में लेकर जांच की। पिस्तौल की मैगजीन में तीन जिंदा कारतूस मिले, जबकि एक कारतूस चैम्बर में मौजूद था।

## अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस सख्त, दो जगह चला अभियान

### एचएसआईआईडीसी और निफ्टम चौक से कब्जे हटवाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ट्रैफिक पुलिस ने कुण्डली थाना क्षेत्र के निफ्टम चौक और एचएसआईआईडीसी चौक स्थित फ्लाईओवर के नीचे अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी कब्जों को हटवाया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी गई। पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेंद्र कादयान ने कहा कि सार्वजनिक स्थान आमजन की सुविधा के लिए होते हैं। अतिक्रमण से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## मिशन एडमिशन : महाविद्यालयों में दाखिला पंजीकरण ने पकड़ी रफ्तार

**जिले के 23 राजकीय, निजी व एडिड कॉलेजों में यूजी पाठ्यक्रमों की 13,500 से अधिक सीटें निर्धारित**

# कॉलेजों में 65 से 70 फीसदी सीटों के बराबर विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण, 30 जून तक आवेदन का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के महाविद्यालयों में स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अब रफ्तार पकड़ने लगी है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के बाद अधिकांश महाविद्यालयों में निर्धारित सीटों के मुकाबले 65 से 70 प्रतिशत तक विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों के पास अब भी 30 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण कराने का अवसर है। जिले के 23 प्रमुख राजकीय, निजी और एडिड महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यूजी पाठ्यक्रमों की करीब 13,500 से अधिक सीटें निर्धारित की गई हैं। शुरुआत में पंजीकरण प्रक्रिया को अपेक्षित प्रतिसाद नहीं मिलने के कारण उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय प्रदान किया। पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया। महाविद्यालयों के अनुसार तिथि बढ़ने के बाद विद्यार्थियों की रुचि बढ़ी है और पंजीकरण संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। कई कॉलेजों में सीटों के मुकाबले 70 प्रतिशत तक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीकरण पूरा कर सकते हैं।



**सोनीपत।** हिंदू महाविद्यालय में हेल्प डेस्क पर यूजी कोर्स संबंधी जानकारी लेते विद्यार्थी

**ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही मिलेगा प्रवेश:** उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए और अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण किसी भी विद्यार्थी को दाखिला नहीं दिया जाएगा। इसके लिए प्रवेश पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।

**ये दस्तावेज हैं जरूरी:** ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विद्यार्थियों को परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), पासपोर्ट आकार फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाते की प्रति, 10वीं और 12वीं की अंकतालिकाएं, निवास प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) अपलोड करने होंगे। पिछले वर्ष 12वीं उत्तीर्ण कर चुके और एक वर्ष का अंतराल रखने वाले विद्यार्थियों को गैप प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

### कॉलेजों में हेल्प डेस्क की सुविधा

दाखिला प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। यहां विद्यार्थियों को पंजीकरण, दस्तावेज अपलोड करने और पाठ्यक्रम चयन संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### ये बोले शिक्षक

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने यूजी कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि 30 जून तक बढ़ाई है। विद्यार्थी समय रहते पंजीकरण करवाएं और कॉलेज व विषय का चयन सावधानीपूर्वक करें। सहायता के लिए कॉलेजों में हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं।

**- डॉ. सीमा गर्ग**
प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

## नाबालिग की शादी का खुलासा दो माह की गर्भवती मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

- गौरड़ की लड़की की शादी झज्जर के गांव मारौत में हुई
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया

गांव गौरड़ की एक नाबालिग लड़की की शादी झज्जर जिले के गांव मारौत निवासी युवक से कराने का मामला सामने आया है। जांच में लड़की के दो माह की गर्भवती होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### ऐसे हुआ खुलासा

मामले का खुलासा तब हुआ जब झज्जर की संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर को सूचना मिली कि गांव गौरड़ की नाबालिग लड़की का विवाह मारौत गांव में किया गया है। जांच में लड़की की उम्र नाबालिग पाई गई और उसके दो माह की गर्भवती होने की भी पुष्टि हुई।

### रिपोर्ट पुलिस को सौंपी

इसके बाद मामले की रिपोर्ट पुलिस उपायुक्त मुख्यालय झज्जर को भेजी गई। मामला सोनीपत जिले से संबंधित होने के कारण शिकायत को आगे की कार्रवाई के लिए सोनीपत पुलिस को स्थानांतरित किया गया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर खरखौदा थाना में आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम की धारा-6, बाल विवाह निषेध अधिनियम की धाराओं 9, 10 व 11 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

## लाइफ Style



# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।


## टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'



**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा



**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे। इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...





**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

**खबर संक्षेप**

## बाइक चोरी मामले में तीन काबू, बाइक बरामद

**सोनीपत।** कुण्डली थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मनीष निवासी कमरु, बिहार हाल निवासी नाथूपुर, निहेश निवासी इंडियन कॉलोनी सोनीपत तथा अनुभव निवासी नाथूपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सुरेन्द्र पुत्र सागर निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी नाथूपुर ने शिकायत दी थी कि वह 4 जून को अपनी मोटरसाइकिल चौधरी ढाबा पर खड़ी कर घर चला गया था। 19 जून को लौटने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। शिकायत पर कुण्डली थाना में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक दीपक ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## दो किलो गांजा के साथ एक आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** नशा विरुद्ध अभियान के तहत सीआईए टू बहादुरगढ़ की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को करीब 2 किलो नशीले पदार्थ गांजा के साथ काबू किया है। सीआईए टू बहादुरगढ़ प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ध्रुव निवासी रोहद को नया गांव चौक के निकट पकड़ा गया। शक की बिनाह पर राजपत्रित अधिकारी के समक्ष नियम अनुसार तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से करीब 2 किलो 36 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। अदालत के आदेश अनुसार उसे पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## नाबालिग लड़की से शादी पर केस दर्ज

**झज्जर।** नाबालिग लड़की से शादी करने के मामले में पुलिस ने पॉक्सो कानून सहित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सोनीपत जिले के एक गांव की नाबालिग लड़की की शादी जिले के एक गांव में हुई है। जांच में लड़की के नाबालिग होने और दो माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को भेजा गया। इस संबंध में खरखौदा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत नाबालिग से शादी करने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## स्नातक कक्षाओं के दाखिलों का नया शेड्यूल जारी

**झज्जर।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून करने के बाद अब मेरिट लिस्ट जारी करने और फीस भरने का एक बार फिर नया शेड्यूल जारी कर दिया है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि यदि विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो अब एक जुलाई तक कर सकते हैं। दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन छह जुलाई तक होगी। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिए कॉलेज में जाने की जरूरत नहीं है।

### अगले एक साल में सड़क निर्माण का काम पूरा होने की उम्मीद

# गोहाना-जुलाना सफर होगा सुहाना

- जल्द एजेंसी को अलॉट होगा वर्कआर्डर
- कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि गोहाना से बरोदा होते हुए जुलाना तक सडक़ के दिन अब बदलने वाले हैं। जर्जर सडक़ के कारण हजारों ग्रामीणों, वाहन चालकों एवं विद्यार्थियों को हो रही परेशानी अब खत्म हो जाएगी। प्रशासनिक प्रक्रिया को पूरा करते हुए उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने टेंडर प्रक्रिया को मंजूरी प्रदान कर दी है और जल्द ही इस प्रोजेक्ट का टेंडर निर्माण एजेंसी को अलॉट करते हुए निर्माण शुरू करवाया जाएगा। लंबे समय से इस सडक़ की पुनर्निर्माण की मांग थी। अब इस मार्ग के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। जर्जर गोहाना-जुलाना सडक़ अब नए स्वरूप में नजर आएगी। मुख्यमंत्री से मंजूरी के बाद सडक़ के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है और जल्द ही निर्माण एजेंसी को अलॉटमेंट जारी की जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से यह सडक़ बुरी तरह प्रभावित हो गई थी। समय के साथ सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए और कई स्थानों पर सडक़ पूरी तरह उखड़ गई। करीब 20 किलोमीटर की लंबाई के इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं और क्षेत्र के लोगों की दैनिक गतिविधियां इसी मार्ग पर निर्भर हैं।

### घनी आबादी क्षेत्र में कंक्रीट का बनेगा

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि विकास परियोजना के तहत गोहाना शहर के हिस्से में सडक़ को पहले से अधिक चौड़ा किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होगा और जाम की समस्या में राहत मिलेगी। वहीं ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में सडक़ को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए कंक्रीट निर्माण किया जाएगा, जिससे भविष्य में बार-बार मरम्मत की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## दातौली-बेगा मार्ग उखाड़कर छोड़ा, राहगीर परेशान



**गन्नौर।** उखाड़कर छोड़ा गया दातौली-बेगा सड़क मार्ग।

**गन्नौर।** दातौली और बेगा गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को निर्माण कार्य के लिए उखाड़ने के बाद अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई मिट्टी और धूल के कारण लोगों का सफर मुश्किल हो गया है। इस रास्ते से प्रतिदिन दोनों गांवों के अलावा आसपास के क्षेत्रों के लोग भी आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को कई दिन पहले निर्माण के लिए उखाड़ा गया था, लेकिन इसके बाद कार्य की गति बेहद धीमी हो गई। मार्ग पर फैली मिट्टी और गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार वाहन चालक संतुलन खोकर गिरने से बाल-बाल बचे हैं। धूल उड़ने से राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात होने पर मार्ग पर कीचड़ जमा होने की आशंका है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग को जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा करना चाहिए। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि विभाग को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दें, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

### पंचायत कार्यालय, चौपाल व सरकारी संस्थानों को वाई-फाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा : एसडीओ

# भारत नेट योजना से गांवों तक पहुंचेगा तेज इंटरनेट

- गांवो में भारत नेट योजना से ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगी हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने और घर-घर इंटरनेट सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से भारत नेट उद्यमी योजना का विस्तार किया जा रहा है। बीएसएनएल गन्नौर के उपमंडल अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किफायती दरों पर हाई स्पीड इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच डिजिटल अंतर को कम करना और गांवों में गुणवत्तापूर्ण इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत कार्यालय, किसान उत्पादक संगठन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, चौपाल और अन्य सरकारी संस्थानों को वाई-फाई सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल ने एफटीटीएच और वाई-फाई सुविधा के तहत 259 रुपये का नया प्लान शुरू किया है, जिसमें 25 एमबीपीएस की गति और 700 जीबी डाटा उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध रहेगी।

## मोबाइल टावर से 24 सेल (बैटरियां) चोरी

**खरखौदा।** गांव गढ़ी सिसाना स्थित एक मोबाइल टावर से 24 सेल (बैटरियां) चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के करीब एक माह बाद भी चोरी हुई बैटरियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने कंपनी के सुपरवाइजर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव उन्नौली निवासी सुरेन्द्र ने बताया कि वह ऑल्टियस कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी का एक टावर गांव गढ़ी सिसाना में स्थापित है। 27 मई 2026 को कंपनी के टेक्नीशियन ने सूचना दी कि टावर से 24 सेल बैटरियां चोरी हो गई हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, कंपनी ने अपने स्तर पर चोरी हुई बैटरियों की काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने थाना खरखौदा में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर है।

# अमेरिका के साथ कृषि व व्यापार समझौते के खिलाफ प्रदर्शन

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए किसानों के हितों की बलि चढ़ा रही है भारत सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** दीनबन्धु छोटूराम चौक में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता। **फोटो : हरिभूमि**

पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित दीनबन्धु सर चौ. छोटू राम चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित कृषि और व्यापार समझौते के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए इसे रद्द करने की मांग की। यह विरोध अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर की नई दिल्ली यात्रा के दौरान चल रही व्यापार वार्ताओं के बीच हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि यह समझौता पूरी तरह से अमेरिका के पक्ष में है। मोदरी सरकार अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए भारतीय किसानों के हितों की बलि चढ़ा रही है। इस समझौते के बाद सस्ते आयात से भारतीय कृषि व्यवस्था और घरेलू व्यापार बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा यह ट्रेड डील भारतीय किसानों के साथ धोखा है। जैसे ही भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि उत्पादन जैसे सोयाबीन, तेल, कपास और डेयरी उत्पाद भारतीय बाजार में डंप हो जाएंगे उसकी दिन से भारतीय किसान की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर वरिष्ठ नेता आजाद सिंह दांगी, डॉ. दिलबाग खान, नगर पार्षद निपुण सहरावत, बंसी वाल्मीकि, जुगनू बजाज, राजवीर नरवाल, भोम सिंह नरवाल, राजवीर शर्मा, सतबीर पौड़िया, पूरणमल चहल, जसवीर मान, मास्टर परमवीर सिंह और राजवीर पांचाल उपस्थित रहे।

# समर कैंप में छात्रों ने सीखे नृत्य कला के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** नृत्य मुद्राओं का अभ्यास करते हुए विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

गीता विद्या मंदिर, गोहाना में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल विकास गतिविधियों में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा को तराशा। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की।

नृत्य गतिविधि में कला अध्यापक शिवम ने विद्यार्थियों को विभिन्न नृत्य मुद्राओं का अभ्यास कराया। रचनात्मक गतिविधियों का मार्गदर्शन निर्मला ने किया। संगीत प्रशिक्षण में मुनेश ने विद्यार्थियों को संगीत की बारीकियों से परिचित कराया, जबकि वाद्य यंत्र प्रशिक्षण में संगीता, जनता एवं रेखा ने विद्यार्थियों को विभिन्न वाद्य यंत्रों का अभ्यास करवाया। प्रेमलता, विनिका, पूजा सैनी, कुसुम और उषा ने पाक कला के टिप्स दिए। अनिल और पवन ने विद्यार्थियों को हस्तकला से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और कौशल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**सोनीपत।** प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी एवं वक्ता।

## गेटवे कॉलेज में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल द्वारा आईएसओ लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. विनोद जैन के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जबकि इसका समन्वयन डॉ. शिश पाल ने किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संस्थान की आंतरिक गुणवत्ता प्रणालियों, ऑडिट कौशल और निरंतर सुधार की प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना था। प्रतिभागियों को ऑडिट सिद्धांतों, दस्तावेजीकरण, अनुपालन आवश्यकताओं और ISO मानकों की सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर डॉ. सुशील कुमार, अजय कुमार, सनी सिंगला, ललित कुमार, मोहित भटनागर, डॉ. रेणु, डॉ. विनय कुमार सिंघल और मनीषा को बधाई दी गई।

# अविरल गंगा-निर्मल गंगा मुहिम से जुड़ें लोग

- पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत, 28 जून को निकलेगी सद्भाव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान को निमंत्रण देते हुए।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे औद्योगीकरण के कारण वन क्षेत्र और हरित क्षेत्र लगातार कम हो रहे हैं, जिससे वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। ऐसे में नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता एवं हरियाणा प्रांत सह संपर्क प्रमुख मनीष राई तथा रमेश महीपुर ने विधायक निखिल मदान से मुलाकात कर उन्हें गंगा समग्र विभाग द्वारा आयोजित सद्भाव यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान विधायक ने अविरल गंगा-निर्मल गंगा मुहिम को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित नमामि गंगे मिशन के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और इसी प्रकार यमुना सहित अन्य नदियों को स्वच्छ बनाने के प्रयासों में भी सभी को सहयोग करना चाहिए। निखिल मदान ने मनीष राई और रमेश महीपुर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मनीष राई ने बताया कि 28 जून को दोपहर 12 बजे गंगा समग्र विभाग की सद्भाव यात्रा गांव जाट जोशी से शुरू होगी। यात्रा राई, खेवड़ा और बहालगढ़ से होते हुए गौरीपुर घाट पर पहुंचकर संपन्न होगी।



**सोनीपत।** पौधरोपण करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**सोनीपत।** सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में मां भारती ग्रुप और न्याय युद्ध मंच के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ता पवन ने साथियों के साथ 10 छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अधिवक्ता पवन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान प्रत्येक माह कम से कम 10 पौधे लगाने की घोषणा भी की। मां भारती ग्रुप के संस्थापक प्रेम गौतम ने युवाओं से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता ममता सरोहा ने कहा कि पेड़-पौधे शुद्ध वायु और संतुलित जलवायु के आधार हैं। वहीं न्याय युद्ध मंच के संस्थापक देवेन्द्र गौतम ने प्रत्येक व्यक्ति से जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की। इस अवसर पर दीपक रोहिल्ला, अमन चौधरी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे किसान।

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के किसानों ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील का विरोध करते हुए मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (ना.) खरखौदा के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि यदि अमेरिका के साथ यह ट्रेड डील की जाती है तो इसका सीधा असर भारतीय किसानों पर पड़ेगा।

किसानों का आरोप है कि इस समझौते से देश के किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है और कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसान नेताओं ने मांग की कि केंद्र सरकार किसानों के हितों को प्राथमिकता दे और अमेरिका के साथ ऐसी किसी भी ट्रेड डील को लागू न करे, जिससे भारतीय कृषि और किसानों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया कि किसानों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित ट्रेड डील पर पुनर्विचार किया जाए। किसानों ने कहा कि सरकार को किसानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया, जोगिंद्र, जय किशन, राजू, रामवीर, सुदेश कुमार, धर्मपाल, जय सिंह, जगबीर, राजबीर व अन्य किसान मौजूद रहे।

### कानून व्यवस्था, जनसहयोग और सामाजिक सौहार्द मजबूत करने पर हुई चर्चा

# सेक्टर-27 में जॉइंट कमिश्नर व डीसीपी पूर्वी जोन कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यालय का उद्घाटन करते पुलिस आयुक्त व अन्य पुलिस अधिकारी।

पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने मंगलवार को सेक्टर-27 स्थित जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस एवं पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस राजेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन मेधा भूषण, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सोनाक्षी सिंह तथा पुलिस उपायुक्त क्राइम नरेंद्र कादयान सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

उद्घाटन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन किया गया। ममता सिंह ने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को आमजन को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्वी जोन के मध्य स्थित यह कार्यालय पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाने, जनसुनवाई को मजबूत करने और नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र समाधान में सहायक होगा। इससे पुलिस और जनता के बीच संवाद, विश्वास तथा समन्वय को भी नई मजबूती मिलेगी।

## सीएलजी सदस्यों के साथ की बैठक, पुलिस-जनता समन्वय पर जोर



**सोनीपत।** पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं पश्चिमी जोन नरेंद्र कादयान ने अपने कार्यालय में कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीजीएल) सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में कानून व्यवस्था, जनसहयोग और पुलिस-जनता समन्वय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। नरेंद्र कादयान ने सीएलजी सदस्यों को पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने तथा समाज में शांति और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सीएलजी सदस्य छोटी आपराधिक घटनाओं और पारिवारिक विवादों के समाधान में सहयोग कर सामाजिक सौहार्द को मजबूत कर सकते हैं। बैठक में सदस्यों से पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने संबंधी सुझाव भी लिए गए। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं और जन अपेक्षाओं पर चर्चा हुई।

## मिड डे मील वर्करों ने भिवानी रैली को लेकर बनाई रणनीति

# वेतन निर्धारित होने के बावजूद वर्करों को नहीं मिल रहा उसका लाभ : राठी

### रेलवे पार्क में हुई बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर ब्लॉक की मिड डे मील वर्करों की बैठक मंगलवार को रेलवे पार्क में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 24 जून को भिवानी में होने वाली राज्य स्तरीय रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई और बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक का संचालन एआईयूटीयूसी के जिला उपाध्यक्ष कामरेड सेवानंद ने किया। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए और कम से कम न्यूनतम मजदूरी का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि राज्य में न्यूनतम वेतन निर्धारित होने के बावजूद मिड डे मील वर्करों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य कर्मचारियों को 12 माह का मानदेय मिलता है, जबकि मिड डे मील वर्करों को केवल 10 माह का मानदेय दिया जाता है और वह भी समय पर नहीं मिलता। बैठक में निर्णय लिया गया कि भिवानी रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर विभिन्न मांगों को उठाया जाएगा। इस अवसर पर रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।



गन्नौर। भिवानी में होने वाली राज्य स्तरीय रैली को सफल बनाने को लेकर एआईयूटीयूसी के नेता व वर्कर।

## ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना सातवें दिन भी जारी



सोनीपत। नगर निगम में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ एवं सहयोग बाली सेना यूनियन के बैनर तले चल रहा धरना मंगलवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता मुकेश टॉक ने की, जबकि संचालन सोनू राणा ने किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सोनीपत में सफाई व्यवस्था का टेंडर पांच वर्ष के लिए दिया जा रहा है, जिसका ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच विरोध कर रहा है। उनका आरोप है कि सरकार और प्रशासन की नीतियों के कारण ठेका सफाई कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि सफाई का मौजूदा ठेका 15 जून 2026 को समाप्त हो चुका है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी अब भी कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों के रोजगार पर संकट मंडरा रहा है। न तो उन्हें रोजगार की गारंटी दी जा रही है, न समान काम के लिए समान वेतन मिल रहा है और न ही नई व्यवस्था को स्पष्ट किया जा रहा है।



### याद बहुत आते हैं वो दिन...

# पिता हमेशा देते थे सीख, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, अन्यथा रह जाओगे खराब

### हमेशा ईमानदारी व नेक राह पर चलने की दी सलाह

नगर निगम वार्ड-20 की पूर्व पार्षद नीतू दहिया कहती हैं कि उनके पिता इंद्र सिंह राजन की सीख आज भी उन्हें याद है, वह हमेशा कहते थे कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, अन्यथा रह जाओगे खराब। आज भी उनकी प्रेरणा व सीख जीवन में कहीं न कहीं काम आ रही है। नीतू दहिया ने बताया कि बड़ों की सीख, डांट ने हमेशा हमें जीवन में आगे बढ़ना ही सिखाया है, बल्कि आजकल की युवा पीढ़ी इस बात से अनजान है। उसी का फल है कि बड़ों की सीख, उनके संस्कारों की बदौलत पहले की पीढ़ी आजकल के युवाओं से कहीं आगे है। नीतू दहिया ने बताया कि उनका जन्म 12 मई 1974 को जिला रोहतक में हुआ। पिता इंद्र सिंह राजन आज तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त हैं। माता फूलपति ने गृहिणी होते हुए भी हमेशा उन्हें अच्छे संस्कारों की राह दिखाई। उन्होंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई मेट्रिक तक रोहतक में ही पूरी की। इसके बाद पिता का सोनीपत तबादला होने के बाद उन्होंने हिंदू कन्या महाविद्यालय से कक्षा 11वीं-12वीं की पढ़ाई व स्नातक की डिग्री हासिल की। पिता ने अपने समय-समय होते तबादलों को देख उनके भाई अनिल व मुझे हॉस्टल में भर्ती करवाया। स्नातक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करते समय उनके पिता ने वर्ष 1992 में जब सोनीपत निवासी राजेश दहिया से उनका विवाह कर दिया। जब महिलाएं शिक्षा के प्रति ज्यादा आकर्षित नहीं होती थी, तब भी उनके पति के साथ व शिक्षा की ललक ने उन्हें वर्ष 1993 में स्नातक की डिग्री हासिल करने में मदद की। उनके पिता हमेशा देते थे सीख, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, अन्यथा रह जाओगे खराब।




### नीतू दहिया को सास के रूप में मिली राजनीतिक गुरु


नीतू दहिया।

नीतू दहिया ने बताया कि उनका विवाह होने के बाद उन्हें सास के रूप में जहां एक और मां मिली, साथ ही राजनीतिक गुरु भी मिली। उनकी सास चमेली देवी ने वर्ष 1990 में पार्षद का चुनाव लड़ा था, अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद वह दुबई में ससुर के पास चली गई। इससे पहले उन्होंने एक राजनीतिक गुरु के रूप में उनका पूरा मार्गदर्शन किया। यही कारण रहा कि उनकी सीख, गुर व तुजुर्बे के आधार पर नीतू दहिया ने वर्ष 2021 से 2026 तक वार्ड-20 में पार्षद का पद संभाला। शहर की सरकार के बीच 5 साल तक वार्ड वासियों की आवाज को उठाया।

## माता-पिता ने सिखाया हमें स्वयं निभाना होगा अपने जीवन का धर्म : विभा कुमारी



उच्च शिक्षित एवं इनर व्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत की प्रेजीडेंट विभा कुमारी बताती हैं कि माता-पिता ने हमेशा सिखाया कि कोई व्यक्ति दूसरे का जीवन धर्म नहीं निभा सकते। इसके लिए खुद प्रयास करना जरूरी है। वह समय था जब एक परिवार में ज्यादा बच्चे होने के कारण माता-पिता सभी पर समान ध्यान नहीं दे पाते थे, लेकिन उनकी सीख व संस्कारों से बच्चे अपना करियर को आसमान तक ले जाते थे। उनकी सीख में ही जीवन को सफल बनाने की राह छिपी होती थी। वर्तमान की अपेक्षा उस समय केवल रेडियो ही शिक्षा, खेलकूद के मनोरंजन माने जाते थे। विभा कुमारी ने बताया कि उनका जन्म 18 नवंबर 1966 को बिहार के जिला मधुबनी के डेनी पट्टी सब डिवीजन में हुआ। पिता सुरेंद्र प्रसाद पेशे से किसान, माता सुभद्रा देवी मेडिकल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थी। परिवार में पांच भाई-बहन में विभा कुमार सबसे छोटी हैं। उन्होंने अपनी इंटर मिडिएट की पढ़ाई बिहार से ही पूरी की। करीब 20 साल की उम्र में वर्ष 1985 में उनका विवाह बिहार के चंपारन निवासी डॉ. अशोक कुमार से हुआ, जो आज एटलस साइकिल इंडस्ट्री में चीफ जनरल मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हैं। विवाह के बाद उन्हें वर्ष 1986 व 87 में दो पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। पत्नी के साथ से उन्होंने विवाह के 6 वर्ष बाद रोहतक एमडीयू से स्नातक, पॉलिटिकल साइंस से एमए की डिग्री हासिल की। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बीएड की डिग्री प्राप्त की। अपने बच्चों को शिक्षित व संस्कारवान बनाने के लिए उन्होंने कभी नौकरी के दरवाजे पर दस्तक नहीं दी, लेकिन यही से उनके मन में समाजसेवा का बीज पनपा।

### विभा करीब 10 बच्चों का संवार चुकी जीवन

विभा कुमारी ने बताया कि उनके पिता की सीख आज भी उन्हें याद है कि विवाह के बाद सास-ससुर ही माता-पिता होते हैं। इस सीख के बाद जब वह ससुराल पहुंची, तो सास-ससुर ने भी माता-पिता का प्रण निभाया। उन्हीं की प्रेरणा है कि विभा ने इनर व्हील क्लब में शामिल होकर समाज के निचले तबके को ऊपर उठाने का प्रण लिया। विभा बताती हैं कि समाज में सभी लोग बराबर नहीं है। न ही वह किसी से मांग या बोल सकते हैं। ऐसे में हमें हाथ बढ़ाना जरूरी है। इसी ध्येय के साथ वह अपने शैक्षिक जीवन के बाद अब तक करीब 10 जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने, नौकरी लगवाने के साथ उनके जीवन में उजियारा कर चुकी हैं।

## योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया गया। शिविर में विद्यार्थियों को प्राणायाम, कपालभाती, अनुलोम-विलोम और सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि योग कोई नई विधा नहीं है यह प्राचीन समय से चलती आ रही हमारे ऋषि मुनियों की देन है। स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास के साथ-साथ खानपान संतुलित होना जरूरी है। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला और विज्ञान भी है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग



शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप सिंह ने की। संचालन शिक्षिका ऋतु रानी ने किया। इस अवसर पर संगीता अरोड़ा, ममता, जगमोहन और बलवान आदि उपस्थित रहे।

## शंघाई वुशु कप के लिए प्रताप स्कूल की अपर्णा चीन के लिए रवाना

खरखौदा। 23 से 27 जून तक शंघाई, चीन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित शंघाई वुशु कप में प्रताप स्कूल की होनहार खिलाड़ी अपर्णा 52 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपर्णा के चयन से विद्यालय, क्षेत्र एवं खेल जगत में खुशी की लहर है। प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति, द्रोणाचार्य अवार्डी एवं खेल निदेशक प्रताप स्कूल ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, तथा वुशु कोच विनोद गुलिया ने अपर्णा को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देकर चीन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि अपर्णा इससे पहले भी छह बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ा चुकी हैं। अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि अपर्णा का चयन आगामी एशियन गेम्स के लिए भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि अपर्णा जैसे खिलाड़ी अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। युवा खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने खेल को निरंतर निखारने और उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।



## नाहरी में अवैध कालोनियों को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की जिला नगर योजनाकार के नेतृत्व में मंगलवार को नाहरी गांव में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई हे। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि एसएमडीए की टीम ने गांव नाहरी की राजस्व संपदा पर 3.5 एकड़ व 9 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया गया। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एचएसआईआईडीसी से एसडीओ विनोद कुमार तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई। इस दौरान 3.5 एकड़ में 45 डीपीसी, 3 बाउंड्री वॉल, 2 निर्माणाधीन घर और 1.5 एकड़ में मिट्टी की सड़क का नेटवर्क ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार गांव नाहरी में ही 09 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में 55 डीपीसी, 10



बाउंड्री वॉल, 02 निर्माणाधीन घर, 120 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। डीटीपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती।

## श्रीमद भागवत कथा में श्री कृष्ण लीलाओं का किया भावपूर्ण वर्णन



गन्नौर। दीवाने बाबा श्याम समिति द्वारा आयोजित बादशाही रोड स्थित श्री राम मंदिर में आयोजित तृतीय श्रीमद भागवत कथा एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान कथा वाचक प्रीति रामानुज जी ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। उनके प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महोत्सव के तीसरे दिन पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा अपनी पत्नी डिंपी मल्होत्रा के साथ कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण किया तथा कथा वाचक पूज्या प्रीति रामानुज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा 27 जून तक आयोजित होगी। 28 जून को हवान यज्ञ के बाद भांडारा आयोजित किया जाएगा।

## सुरेश कुमार तनेजा का मरणोपरांत नेत्रदान, दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

सोनीपत। महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत ने दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से बत्रा कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार तनेजा (58) का मरणोपरांत नेत्रदान करवाया। सुरेश कुमार तनेजा का निधन हृदयाघात के कारण हुआ था। नेत्रदान के लिए प्रेरित करने में दृष्टि सेवा समिति से नरेंद्र भुटानी, हिन्दू मंच के महासचिव हर भगवान रहेजा, प्रधान हरि चंद्र स्नेही तथा दिवंगत के पड़ोसी नवीन खट्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नेत्रदान की प्रक्रिया श्राफ अस्पताल के तकनीशियन नरेंद्र लोहमोर द्वारा संपन्न की गई। इसके लिए मृतक की बेटी सोनम, भतीजे तरुण तनेजा और भाभी सन्तोष से स्वीकृति प्राप्त की गई। नेत्रदान तनेजा परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत और दृष्टि सेवा समिति ने परिवार का आभार व्यक्त किया। हर भगवान रहेजा और हरि चंद्र स्नेही ने कहा कि इस नेत्रदान से भविष्य में दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी, जिससे वे सामान्य जीवन जीने के साथ समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

### देशभक्ति और बलिदान की मिसाल


## मेयर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

# डॉ. श्यामा मुखर्जी के नाम पर बनेगा पार्क : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुरखास अड्डा स्थित कार्यालय में सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके नाम पर एक पार्क बनाने की घोषणा की।

इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज और देश की सेवा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।



### इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में अंकित रहेगा उनका संघर्ष

*मेयर जैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक संविधान और एक निशान के सिद्धांत को स्थापित करने के लिए डॉ. मुखर्जी ने जो संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अध्यायों में सदैव अंकित रहेगा। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर सुरेंद्र खत्री, सुरेंद्र, बलबीर, बलराज रामानंदी, जसबीर मलिक, राजेंद्र, पवन गुप्ता, सुरेश, दिलावर दहिया, सचिन, दिलबाग आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे डॉ. मुखर्जी : भूपेंद्र



गोहाना। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर मंगलवार को याद किया। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह शहर में भाजपा गोहाना मंडल कार्यालय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। वे एक प्रखर राष्ट्रवादी और शिक्षाविद थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने सम्पूर्ण जीवन को राष्ट्रहित के लिए कुर्बान कर दिया। इस अवसर पर भाजपा गोहाना मंडल महामंत्री विजेंद्र खींची, बीएलए-1 राजू पटवा, डॉ. मनोज कुमार, सतबीर सिंह, संजीव कुमार, रणधीर सैनी, राजेंद्र मेहरा और सुरेंद्र मेहता आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी देश को दे रहे नई दिशा : शेखर आंतिल



*राई। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गांव खेवड़ा में जाखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल के कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि दूरदर्शी विचारक और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाले व्यक्तित्व थे। उनके विचार और सिद्धांत आज भी देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।शेखर आंतिल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विशेष प्रावधानों के विरोध में डॉ. मुखर्जी ने आवाज उठाई थी। शेखर आंतिल ने कहा कि देश के युवाओं को डॉ. मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानकर कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करने का संकल्प भी लिया।*

### मुखर्जी ने देश की एकता अखंडता के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान : पांचाल



*खरखौदा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर का सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुनील पांचाल ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस खरखौदा क्षेत्र में बूथ स्तर पर मनाया जा रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। एक देश दो विधान दो निशान दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए जाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, दीपक सोलंकी, अभिजीत राठौर, प्रेम रोहणा, सोमवीर पांचाल, राहुल रंगा, नरेंद्र पाराशर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

### डॉ. मुखर्जी ने देशहित को सर्वोपरि मानते हुए जीवन का बलिदान दिया : नेहरा



*गन्नौर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-17 स्थित बूथ संख्या 105 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम शक्ति केंद्र प्रमुख नरेंद्र भारती के निवास पर हुआ, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि मानते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर में लागू धारा 370 का डॉ. मुखर्जी ने पुरजोर विरोध किया था। नेहरा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए जम्मू-कश्मीर गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार किया गया और रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। इस अवसर पर सहकारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अमित सैनी, मंडल अध्यक्ष अजय जैन, वीरेंद्र सिंह, सतबीर कोच, कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।*